# आठ प्रमुख उद्योगों का सूचकांक (ICI)

**स्रोत: पी.आई.बी**

**आठ प्रमुख उद्योगों (ICI) के** संयुक्त सूचकांक में नवंबर 2023 की तुलना में **नवंबर 2024 में 4.3% की वृद्धि** दर्ज की गई।

- ICI के तहत आठ प्रमुख उद्योगों अर्थात **कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट एवं विद्युत उत्पादन के संयुक्त तथा एकल** प्रदर्शन को मापा जाता है।
    - **औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (IIP)** में शामिल वस्तुओं के भार में **40.27%** हिस्सा आठ प्रमुख उद्योगों का है।

| उद्योग | भार (%) | वृद्धि (नवंबर 2024) |
|---|---|---|
| रिफाइनरी उत्पाद | 28.04% | 2.90% |
| विद्युत | 19.85% | 3.80% |
| इस्पात | 17.92% | 4.80% |
| कोयला | 10.33% | 7.50% |
| कच्चा तेल | 8.98% | -2.10% |
| प्राकृतिक गैस | 6.88% | -1.90% |
| सीमेंट | 5.37% | 13.00% |
| उर्वरक | 2.63% | 2.00% |

- **IIP:** इस सूचकांक द्वारा भारत में **खनन, विद्युत और विनिर्माण** जैसे प्रमुख आर्थिक क्षेत्रों में **उत्पादन की मात्रा** में हुए **अल्पकालिक परिवर्तनों** को मापा जाता है।
    - इसे **केंद्रीय सांख्यिकी संगठन (CSO)** द्वारा **मासिक** रूप से जारी किया जाता है। इसके तहत डेटा, संदर्भ माह के **छह सप्ताह बाद** जारी किया जाता है।
    - इसमें **आधार वर्ष (2011-2012)** की तुलना में उत्पादन में हुए परिवर्तन को दर्शाया जाता है ।

**और पढ़ें:**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/index-of-eight-core-industries-ici